तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जून 2026

12 बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

12 गोपालपुर में हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# पिकाडिली फैक्ट्री की मनमानी पर पूर्व विधायक ने की प्रबंधन से चर्चा

## कहा- श्रमिक प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बेलटुकरी स्थित पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुख्य द्वार पर स्थानीय श्रमिकों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के बीच पूर्व विधायक डॉ.विमल चोपड़ा धरनास्थल पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों को विस्तार से सुना। श्रमिकों ने स्थानीय युवाओं की उपेक्षा, बाहरी राज्यों के लोगों को रोजगार में प्राथमिकता, वेतन भुगतान में अनियमितता, श्रम कानूनों के पालन में कथित लापरवाही तथा कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार जैसे कई मुद्दों को सामने रखा। श्रमिकों की बात सुनने के बाद डॉ. चोपड़ा ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्लांट प्रबंधन से चर्चा की। उन्होंने प्रबंधन से कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देना उद्योग की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने श्रमिकों की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने, श्रम कानूनों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने तथा कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि औद्योगिक इकाई का लाभ स्थानीय क्षेत्र के युवाओं और श्रमिकों को भी मिले। उन्होंने श्रमिकों से भी संयम बनाए रखने और अपनी मांगों को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से रखने की अपील की। वहीं प्रबंधन से आग्रह किया कि श्रमिकों के प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर सभी विवादित मुद्दों का शीघ्र समाधान निकाला जाए। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि स्थानीय युवाओं और श्रमिकों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि श्रमिकों की जायज मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो वे इस विषय को प्रशासन के समक्ष भी मजबूती से उठाएंगे।



### पूर्व विधायक विनोद बोलेः बीयर की अनुमति लेकर देशी शराब बन रही फैक्ट्री में



पिकाडिली शराब फैक्ट्री में स्थानीय युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को काम पर रखे जाने के निर्णय को पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने स्थानीय युवाओं के साथ धोखा बताते हुए कहा कि शराब फैक्ट्री प्रबंधन की मनमानी से क्षेत्रवासी आक्रोशित हैं। पिकाडली प्रबंधन ने उद्योग नीति को दरकिनार किया है। कंपनी प्रबंधन द्वारा इसे सरकारी कंपनी बताते हुए मनानी की जा रही है। क्षेत्रवासियों को धोखे में रखकर उक्त फैक्ट्री में देसी शराब बनाने की अनुमति दी गई है। फैक्ट्री की स्थापना के समय डिस्टलरी और बीयर उत्पादन का झांसा देकर देशी शराब बनाई जा रही है। उन्होनें फैक्ट्री में कुल रोजगार का अस्सी प्रतिशत हिस्सा स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षण सहित 4 अन्य मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से सायकल सवार घायल हो गया। घटना ग्राम लाफिनखुर्द की है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को खिलेंद्र साहू ने बताया कि 25 जून को वह निजी काम से महासमुंद आया था, तभी फोन से सूचना मिली कि तुम्हारे बेटे भोजराज साहू का गौठान के पास एक्सीडेंट हो गया है। जब वह गौठान के पास गया तो देखा भोजराज को बाएं जांघ में, मस्तक में तथा सिर में चोट लगा था। उसने पूछने पर बताया कि वह अपने सायकल से सुबह बस्तीपारा सामान खरीदने दुकान गया था, सामान खरीद कर करीब 11.30 बजे वापस घर जा रहा था, तभी चिंगरौद रोड चंदन किराना स्टोर के सामने मोटर सायकल टीवीएस राईडर क्र सीजी 04 क्यूडब्लू 6065 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक युवक को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति जम्हारी रोड केंदूमुड़ी के आगे पुलिया के पास शराब बेचने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचेकर पुलिस ने संदेही को पकड़ा। जिसने पूछताछ करने पर अपना नाम रितेश उर्फ चीकू भारती पिता साहेबराम भारती (23 साल) नूनपानी होना बताया। तलाशी के दौरान संदेही के कब्जे से 03 बोरियों में कुल 130 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 26 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने आरोपी सिरमणी रात्रे पिता खेदुराम रात्रे (38 साल) ननकुसियाडीपा सावित्रीपुर के कब्जे से ढाबाखार से ननकुसियाडीपा सावित्रीपुर जाने का मार्ग नाला से करीबन 13 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2600 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## कार्रवाई : जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के रावणभाठा का मामला

# गौवंश के साथ कुकृत्य करने का वीडियो हुआ वायरल, आक्रोश के बाद आरोपी बंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/पिथौरा



जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रावणभाठा इलाके में गौवंश के साथ हुए अप्राकृतिक कृत्य के बाद मामला काफी संवेदनशील हो गया। देर रात एक व्यक्ति द्वारा सड़क किनारे गाय के साथ किए गए उक्त कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश नजर आया। 25 जून की रात लगभग 1 बजे की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, 25 जून रात 1 बजे हर्ष राजपूत, राजा खान और मुकेश निर्मलकर ने रावणभाठा क्षेत्र में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति को गौवंश के साथ कथित रूप से आपत्तिजनक और अप्राकृतिक कृत्य करते हुए देखा। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जैसे ही उसके पास जाने की कोशिश की, संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पूरी घटना को मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी किया गया।

### बीएनएस और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामला गंभीर प्रकृति का मानते हुए इसे गैर-जमानती धाराओं में जुर्म दर्ज किया गया है।

### सूचना के बाद फैला आक्रोश

स्थानीय गौसेवकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं तक जानकारी पहुंचने के बाद गौ क्रांति मंच के जिलाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल को भी मामले से अवगत कराया गया। इस दौरान गौसेवक मनीष अग्रवाल, अमन अग्रवाल, कीर्ति वर्मा, मुक्कु सेन, सुमित शर्मा, अनिल सेन, शुभम चक्रधारी सहित अन्य लोगों ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को भी गंभीर रूप से आहत करने वाली है।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए गौसेवकों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडे से संपर्क कर पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी साझा की। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद पुलिस टीम सक्रिय हुई और जांच शुरू की गई। दोपहर तक पुलिस ने संदेही आरोपी आइतराम चक्रधारी, निवासी रावणभाठा को हिरासत में लेकर थाने लाया। प्रारंभिक पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की गई।

# नारकोटिक एक्ट के दो मामलों में आरोपियों को 15-15 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विशेष न्यायालय एनडीपीएस वंदना दीपक देवांगन के न्यायालय में दो नारकोटिक एक्ट के मामलों में दोष सिद्ध पाते हुए दंडित किया गया है। लोक अभियोजक देवेंद्र शर्मा ने जानकारी देते बताया कि थाना सिंघोड़ा के अपराध क्रमांक 104/2024 में राजकुमार साकेत, जितेंद्र कुशवाहा दोनों निवासी सेमरिया जिला रीवा मध्यप्रदेश में घटना 20/09/2024 को दोनों आरोपियों से घटना स्थल ग्राम रेहटीखोल में 22 किलो ग्राम गांजा परिवहन करने का आरोप था, जिसमें साक्षियों की अखंडित साक्ष्य के आधार पर दोनो आरोपियों को दोषी पाते हुए 25 जून 2026 को 15-15 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 1,50,000/- के अर्थदंड से दंडित किया गया।

अर्थदंड भुगतान न करने पर 01-01 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास का दंडादेश किया गया। वहीं दूसरे मामले में 27/06/2026 को थाना सिंघोड़ा के एक अन्य प्रकरण में आरोपी हरि नागवानी निवासी तोरवानाका तथा शिवा गोयल निवासी रायकिशोर निगीयाडी थाना सरकंडा जिला बिलासपुर से भारी मात्रा में कप सिरप ओडिशा से छत्तीसगढ़ अवैध रूप से परिवहन करने के आरोप में दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए 15-15 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 1,50,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड भुगतान न करने पर 01-01 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास का दंडादेश किया गया। ओडिशा से गांजे की तस्करी के मामलों में सिंघोड़ा थाना द्वारा नाकाबंदी कर मजबूत मुखबीर के कारण कार्रवाई की जा रही है और न्यायालय के समक्ष समय पर साक्षियों को उपस्थित कर दोषियों को दंडित किया जा रहा है। न्यायालय द्वारा नशीली दवाओं के तस्करी पर गंभीर रुख अपनाते हुए दोषियों को दंड देने में कोई नरमी नहीं बरती जा रही है। शासन की ओर से उक्त दोनों मामलों में विषेश लोक अभियोजक देवेंद्र शर्मा द्वारा पैरवी की गई।

# मछली कारोबारी पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी-गरियाबंद मार्ग पर एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मछली व्यवसाय से जुड़े एक व्यक्ति पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी दहशत है। मिली जानकारी के अनुसार विपलभ मंडल लगभग 55 वर्ष पिता मनोरंजन मंडल मूल निवासी कोलकाता पिछले लगभग 7-8 वर्षों से ग्राम बोईरगांव दर्रीपारा जिला गरियाबंद थाना मैनपुर में रह रहे थे। वे चुम्मन यादव पिता कार्तिक यादव के साथ नगरी में मछली व्यवसाय करते थे। इनका सिहावा रोड पर एमएम फिश नाम से दुकान संचालित होने की जानकारी सामने आई है। दोनों का रोजाना इसी मार्ग से आना-जाना होता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दुकान बंद कर दोनों नगरी से वापस बोईरगांव लौट रहे थे। इसी दौरान गोरेगांव से लगभग 3 किलोमीटर आगे गरियाबंद रोड पर कुछ लोगों ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले विपलभ मंडल के सिर पर लकड़ी से हमला किया, वहीं उनके साथी चुम्मन यादव की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया, जिससे वह जान बचाकर बोईरगांव की ओर भाग निकले। इधर हमलावरों ने विपलभ मंडल पर कथित रूप से चाकू जैसे धारदार हथियार से लगातार हमला किया।

# जिले में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत, विधायक एवं कलेक्टर ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद






जिले में पल्स पोलियो अभियान 2026 का जिला स्तरीय शुभारंभ रविवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महासमुंद में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रत्येक बच्चे को समय-समय पर पोलियो की खुराक पिलाना अत्यंत आवश्यक है। आगे कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए शासन द्वारा नियमित रूप से पल्स पोलियो अभियान चलाया जाता है, जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में नवजात शिशुओं के लिए किट भी प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए बूथों के साथ-साथ अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन घर-घर जाकर प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित किया जाए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविन्द गुप्ता ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस जिले के बूथों पर 82 प्रतिशत लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। शेष बच्चों को अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवचंद राठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, पूर्व पार्षद राजेंद्र चंद्राकर, पूर्व पार्षद मीणा वर्मा, आकाश पाण्डेय, मेडिकल ऑफिसर डॉ. आस्था जायसवाल, जिला सलाहकार अनुपम शर्मा, हेल्थ एजुकेटर हरिशंकर साहू, सुपरवाइजर दीपक तिवारी, यशवंत सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि यदि किसी कारणवश उनका बच्चा प्रथम दिवस बूथ पर पोलियो की खुराक नहीं ले सका है, तो अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन घर-घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीम को अवश्य सहयोग करें, ताकि लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा किया जा सके।

# भाइयों से मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम छिंदौली में दो भाईयों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को समीर खान ने बताया क 27 जून को शाम करीबन 07.30 बजे अपने दोस्तों के साथ मोबाइल में लुडो खेल रहा था। वहीं पर गांव के यशवंत यादव व राकेश विश्वकर्मा किसी बात पर वाद विवाद हो रहे थे, जिन्हें उसने विवाद करने से मना किया। इस पर राकेश विश्वकर्मा ने गाली गलौज गलौज कर उसके साथ मारपीट की। इसकी जानकारी उसने अपने बड़े भाई सोहेल खान को दी। जब सोहेल ने भी समझाने का प्रयास किया तो राकेश का पिता परस विश्वकर्मा अपने हाथ में डंडा और उसका छोटा भाई किशन विश्वकर्मा अपने हाथ में लोहे के रॉड में वेल्डिंग करवा कर बनाए हथियार नुमा वस्तु लेकर आया और राकेश विश्वकर्मा को देकर कहा कि आज इन्हें जान से मार देंगे। फिर एक राय होकर राकेश विश्वकर्मा ने धमकी देते हुए उस हथियारनुमा वस्तु को सोहेल खान के सिर पर मार दिया। इसके बाद आरोपी के पिता डंडे से और किशन हाथ मुक्का लात से सोहेल को मारने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब व नकद बरामद, महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम किशनपुर में एक महिला के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि किशनपुर में आरोपी महिला सुंदरा बाई नागवंशी पति धरमराज नागवंशी (50 वर्ष) की बाड़ी से 04 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया गया है। मामले आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## बिजली पोल में करंट, कुत्ते की मौत, महिला बाल-बाल बची



**महासमुंद।** शहर के सतबहनिया चौक के पास शनिवार रात बिजली पोल में करंट आने से इसकी चपेट में आकर एक कुत्ते की मौत हो गई। वहीं कुत्ते को घुमा रही महिला घटना में बाल-बाल बच गई।

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN
2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass) • C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप




### चैनल पर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पं. श्यामाचरण शुक्ल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल के सार्वजनिक जीवन और चरित्र पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यू-ट्यूब पर एक चैनल द्वारा एक अत्यंत भ्रामक, तथ्यहीन और मानहानिकारक वीडियो प्रसारित किया गया है। इस कृत्य को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पं. शुक्ल के समर्थकों सहित वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर द्वारा देश-विदेश में फैले समस्त शुक्ल समर्थकों की ओर से यूट्यूबर और चैनल प्रबंधन के खिलाफ सीधे कड़े कानूनी कदम उठाते हुए उनका यूट्यूब आईडी-चैनल ब्लॉक कराने और आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की सीधी विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त यूट्यूबर ने बिना किसी प्रामाणिक और ऐतिहासिक दस्तावेजों के, केवल सुनी-सुनाई बातों के आधार पर छत्तीसगढ़ की माटी के महान सपूतों की छवि धूमिल करने का घृणास्पद प्रयास किया है।

### ताराचंद निर्मलकर को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** एनसीसी अधिकारी ताराचंद निर्मलकर के आकस्मिक निधन पर उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ड्यूटी पर जाते समय मोटरसाइकिल चलाते हुए हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया था। उनके निधन से एनसीसी परिवार, समाज और क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। अंतिम संस्कार से पूर्व एनसीसी की ओर से दिवंगत ताराचंद निर्मलकर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा पुष्पचक्र एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण वर्चुअल माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुभाष महतो, सूबेदार रवि कुमार, सूबेदार जगतार सिंह, सूबेदार बिट्टू सिंह नायक, सूबेदार महेश सिंह, हवलदार दलजीत सिंह, हवलदार विवेक छतरी सहित एनसीसी मुख्यालय रायपुर के अधिकारी एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

### अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** किशोरी से इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अश्लील फोटो वायरल



करने की धमकी देने के आरोपी को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी को धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कबीर नगर निवासी सोहेब सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पाक्सो एक्ट और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। किशोरी की मां ने पुरानी बस्ती थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री से आरोपी इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती कर उससे अश्लील फोटो हासिल कर ब्लैकमेल कर रहा था।

### बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली के लिए हुए एकजुट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से रायपुर में कंपनी के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन किया गया। उपस्थित सभी संगठनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पुरानी पेंशन बहाली की एक सूत्रीय मांग को लेकर अंतिम निर्णय तक संयुक्त एवं चरणबद्ध संघर्ष किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया, अधिकार मंच के संचालन एवं आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए सभी 12 संगठनों से दो-दो प्रतिनिधियों की समिति गठित की जाएगी।

# दोपहर में मौसम खराब, दिल्ली-रायपुर फ्लाइट की लखनऊ पहुंची, 4 घंटे बाद लौटी

*नवा रायपुर इलाके में दोपहर मौसम खराब होने की वजह से दिल्ली-रायपुर फ्लाइट को लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड कराना पड़ा। अपने निर्धारित समय में रायपुर पहुंची फ्लाइट आसमान में चक्कर लगाकर लैंडिंग की अनुमति नहीं मिलने पर लखनऊ रवाना हो गई। एयरक्राफ्ट में 289 यात्री सवार थे, जिन्होंने करीब 4 घंटे लेट से रायपुर पहुंचकर राहत की सांस ली। शेड्यूल बिगड़ने की वजह से दिल्ली वापसी की उड़ान भी चार घंटे लेट हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम खराब होने पर विमानों को एहतियातन किसी भी एयरपोर्ट पर लैंड नहीं होने दिया जाता। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही दिल्ली से रायपुर आने वाली 6ई6312 फ्लाइट के साथ हुआ। यह नियमित उड़ान दोपहर 2.25 बजे दिल्ली से शुरू होकर शाम 4.15 बजे रायपुर में समाप्त होती है। अपने निर्धारित समय में फ्लाइट रवाना होकर समय पर रायपुर पहुंची, मगर यहां मौसम खराब था। तेज हवा के साथ चमक रहे बादल और बारिश की वजह से विजिबिलिटी कम हो गई थी। खराब मौसम के कारण फ्लाइट के पायलट को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली, जिसके बाद उसे नजदीकी एयरपोर्ट मानते हुए लखनऊ रवाना कर दिया गया। फ्लाइट डायवर्ट होने की जानकारी उसमें सवार 289 यात्रियों और क्रू मेंबरों को दे दी गई थी। फ्लाइट वहां काफी देर लैंड रही और यहां से मौसम सामान्य होने की सूचना के बाद उसे वापस रायपुर लाया गया। तब तक करीब चार घंटे बीत चुके थे। सूत्रों के अनुसार रायपुर के आसमान से रवाना हुई फ्लाइट शाम 5:57 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरी। वहां यात्रियों और क्रू मेंबर्स को कुछ समय तक विमान के भीतर ही इंतजार करना पड़ा। बाद में रायपुर का मौसम सामान्य होने पर विमान को शाम 6:45 बजे लखनऊ से रायपुर के लिए रवाना किया गया था। यात्री जब वापस रायपुर पहुंचे तो उन्होंने राहत की सांस ली। फ्लाइट के विलंब से रायपुर लैंड होने की वजह से उसकी दिल्ली वापसी भी करीब चार घंटे लेट से हुई। वापसी के दौरान यहां फ्लाइट यहां से 4.50 बजे रवाना हो जाती है, मगर आज उसका टेकऑफ 8.46 बजे के आसपास हुआ।

**वापसी की उड़ान भी चार घंटे लेट हुई, रात 11 बजे दिल्ली में लैंड**

**289 यात्री सवार थे, लौटने के बाद सभी ने ली राहत की सांस**




## नियमितीकरण के लिए तय शुल्क पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

# नया नल 10 हजार, नियमितीकरण कराने 20 हजार एकमुश्त जल कर निपटान योजना 16 जुलाई से

*नगर निगम ने अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई और उन्हें वैध करने विशेष अभियान शुरू किया है, जिसमें सालों से इस्तेमाल कर रहे अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने उपभोक्ताओं को 20 हजार रुपए से ज्यादा राशि का भुगतान करना होगा। वहीं नया नल कनेक्शन लेने पर करीब 10 हजार रुपए का खर्च आएगा।*

**घरेलू नल कनेक्शन वैध कराने देने होंगे 20,882 रुपए**


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

16 जुलाई से 15 अक्टूबर तक एकमुश्त जल कर निपटान योजना लाई जा रही है, जिसमें अवैध नल कनेक्शन को निर्धारित शुल्क लेकर नियमितीकरण का मौका मिलेगा। इसके बाद भी अवैध कनेक्शन वैध नहीं कराए गए, तो कनेक्शन काटने की नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर अवैध नल कनेक्शन को नियमित करने के लिए तय शुल्क पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने ऐतराज जताते हुए कहा है कि सालों से पानी का इस्तेमान कर रहे आम परिवारों से एक साथ इतनी बड़ी राशि वसूलना सही नहीं है। उनका कहना है कि पूववर्ती कांग्रेस की परिषद ने एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर मात्र 100 रुपए आवेदन शुल्क और 500 रुपए प्रशसनिक पेनाल्टी शुल्क लेकर 600 रुपए में अवैध नल नियमित करने का मौका दिया था, पर वर्तमान में भाजपा की महापौर और नगर निगम आयुक्त ने अवैध नल को वैध करने 20 हजार रुपए शुल्क लगाया है, यह कैसा न्याय है।

इस तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिया जाए, पूर्ववती कांग्रेस शासन के 600 रुपए जुर्माना वाले जन हितैषी नियम को लागू करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने मांग की है कि नगर निगम के सभी 10 जोन में अवैध नल कनेक्शन नियमितीकरण के लिए शिविर लगाकर सबको मौका दिया जाए, तब तक एक भी नल कनेक्शन न काटा जाए। उन्होंने शहरी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पानी के बिल में महंगाई, यूजर चार्ज में बढ़ोतरी और अब नल कनेक्शन पर ट्रिपल अटैक बंद किया जाए। नगर निगम रायपुर एक लोक कल्याणकारी संस्था है, न कि केवल टैक्स वसूली की।

**कांग्रेस की परिषद ने 100 रुपए शुल्क 500 रुपए जुर्माना लेकर चलाई थी मुहिम**



### 90 दिन की मोहलत, फिर होगी सख्त कार्रवाई

*नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि जिनके नल कनेक्शन निगम के रिकार्ड में दर्ज नहीं हैं, वे इस योजना का लाभ उठाकर वैध करा लें। इसके लिए उन्हें 90 दिनों की अवधि दी जा रही है। योजना की अवधि समाप्त होने के बाद अवैध नल कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें काटने के साथ ही दंडात्मक कार्रवाई भी शुरू की जाएगी।*

*योजना के तहत आधा इंच के घरेलू कनेक्शन के नियमितीकरण के लिए 5 हजार रुपए नियमितीकरण शुल्क और 15,882 रुपए वैध कनेक्शन शुल्क देना होगा, यानी कुल 20,882 रुपए जमा करने होंगे। वहीं आधा इंच के व्यावसायिक नल कनेक्शन के लिए 15 हजार नियमितीकरण शुल्क और 15,882 रुपए कनेक्शन शुल्क मिलाकर कुल 30,882 रुपए जमा करने होंगे। निगम प्रशासन ये स्पष्ट किया है कि पूरी राशि एकमुश्त जमा करनी होगी। इसके अलावा नल कनेक्शन से संबंधित संपत्ति की यूनिक आईडी से लिंक करना और निर्धारित प्रारूप में अनुबंध करना भी अनिवार्य होगा।*

### 90 हजार नल कनेक्शन रिकार्ड से बाहर

*नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक रायपुर शहर में करीब 3.50 लाख संपत्तियां हैं, लेकिन निगम के रिकार्ड में केवल 2.21 लाख वैध नल कनेक्शन ही दर्ज हैं, यानी करीब 90 हजार संपत्तियों में ऐसे नल कनेक्शन हैं, जो निगम के रिकार्ड में नहीं हैं, लेकिन लंबे समय से वे पानी की सुविधा का इस्तेमाल धड़ल्ले से कर रहे हैं। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने कहा है, अवैध नल कनेक्शनों के कारण नगर निगम को जल शुल्क के रूप में राजस्व का नुकसान हो रहा है, इसे देखते हुए सभी जोन कार्यालयों में ऐसे कनेक्शनों की पहचान कर नियमितीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।*

# एआई वीडियो में ईसा मसीह को हिंदू देवी देवताओं का बताया पिता, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*फेसबुक पर फ्राम हेवन टू अर्थ नाम के पेज पर करीब 50 से ज्यादा एआई वीडियो पोस्ट किए गए हैं*

*सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने धार्मिक भावना भड़काने सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया*

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 50 से ज्यादा एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फेसबुक पर अपलोड किए गए इन वीडियो में हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक और भ्रामक दावे किए गए हैं। अपलोड किए गए वीडियो में लाखों व्यू मिले हैं। पोस्ट किए गए आपत्तिजनक वीडियो से नाराज बंजरंगदल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाना पहुंचकर अपत्ति दर्ज कराई। हिंदू संगठन की आपत्ति पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धार्मिक भवनाएं आहत करने के साथ अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए वीडियो में ईसा मसीह को हिंदू देवी-देवताओं का पिता बताए जाने का दावा किया गया है। इसे हिंदू संगठनों ने भगवान का अपमान बताया और वीडियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फेसबुक पर फ्राम हेवन टू अर्थ नाम के पेज पर



वीडियो पोस्ट किए गए हैं, जिन पर लाखों व्यू हैं। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी ने आरोप लगाया कि मसीही समाज से जुड़े कुछ लोग जानबूझकर हिंदुओं की आस्था को चोट पहुंचाने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर पोस्ट कर रहे हैं। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उन्होंने आने वाले दिनों में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

### वायरल वीडियो में ईसा समीह को बताया गया शक्तिशाली

*सोशल मीडिया में जो एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया गया है, उसमें कथित तौर पर भगवान शिव और भगवान विष्णु के ईसा मसीह को अपना पिता बताते हुए दिखाया गया है। वहीं, भगवान राम को ईसा मसीह से उपदेश लेते और भगवान हनुमान से उन्हें सबसे शक्तिशाली बताते हुए दर्शाया गया है। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने फेसबुक में पोस्ट किए गए हिंदू देवी देवताओं के एआई वीडियो को पुलिस से तत्काल डिलीट कराने की मांग की है।*

## बिजनेस साइट

# उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क एंडोस्कोपी जांच शिविर 30 जून को

**रायपुर।** उर्मिला फाउंडेशन द्वारा 30 जून को भाटा गांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क एंडोस्कोपी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर मरीजों को उचित उपचार उपलब्ध कराना है। पेट रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि लगातार गैस, एसिडिटी, पेट दर्द, जलन, उल्टी, खाना निगलने में कठिनाई, बार-बार डकार आना या पेट भारी रहने जैसी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। एंडोस्कोपी जांच के माध्यम से भोजन नली, पेट और आंतों की स्थिति का सटीक पता लगाया जा सकता है, जिससे अल्सर, सूजन एवं अन्य गंभीर बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान संभव होती है। फाउंडेशन की डायरेक्टर नम्रता सिंह ने बताया कि सीमित संख्या में जांच होने के कारण पूर्व पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के सभी आयुवर्ग के जरूरतमंद मरीज चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर इस निशुल्क जांच शिविर का लाभ उठा सकते हैं।




# एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में मुस्कान अग्रवाल ने विद्यार्थियों को करियर और पर्सनल ब्रांडिंग के दिए गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल की 2016 बैच की पूर्व छात्रा मुस्कान अग्रवाल ने विद्यालय में आयोजित प्रेरक सत्र में विद्यार्थियों को पर्सनल ब्रांडिंग, नेटवर्किंग एवं एंटरप्रेन्योरशिप के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सपनों को पहचानकर आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

मुस्कान ने स्कूल के बाद की अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा साझा करते हुए विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं के बाद सही करियर चयन, भविष्य की योजना, रुचियों की पहचान और बदलती दुनिया के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने नेटवर्किंग, प्रभावी संवाद कौशल, गुणवत्तापूर्ण कंटेंट निर्माण और उद्यमिता के अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की। देश के कई प्रतिष्ठित उद्योगपतियों और स्टार्टअप संस्थापकों के साथ कार्य करने के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के सरल एवं प्रेरक उत्तर दिए। विद्यालय प्रबंधन ने सत्र की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, नवाचार, आत्मविश्वास और उद्यमशीलता का विकास कर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।




# एमडी बोले- ज्यादा खपत की शिकायत पर पुराना मीटर लगाकर करेंगे जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। अब तक 40 लाख से ज्यादा मीटर लग चुके हैं। इस बीच सोशल मीडिया में लगातार इस बात को लेकर हाहाकार मचा हुआ है कि स्मार्ट मीटर में पुराने मीटर से ज्यादा खपत हो रही है। कांग्रेस भी इसको लेकर लगातार आंदोलन कर रही है।

कई उपभोक्ताओं को इस बात की शिकायत है कि उनका बिल पहले से दो से तीन गुना ज्यादा आ रहा है। इस मामले में हरिभूमि से चर्चा करते हुए वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर ने कहा,




अगर किसी भी उपभोक्ता को लगता है कि उसका स्मार्ट मीटर ज्यादा खपत बता रहा है, तो ऐसे किसी भी उपभोक्ता के आवेदन पर उसके कनेक्शन में एक पुराना मीटर भी लगाकर जांच की जाएगी। वैसे भी स्मार्ट मीटर में पांच फीसदी उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ स्मार्ट मीटर लगाकर लगातार जांच हो रही है, किसी में कहीं कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। केंद्र सरकार की योजना के तहत देश के सभी राज्यों में अब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अपने राज्य में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम लगातार चल रहा है। स्मार्ट मीटरों को लेकर इस बार गर्मी में लगातार यह बात सामने आ रही है कि स्मार्ट मीटर में ज्यादा खपत हो रही है। थोक में उपभोक्ताओं के बिल पहले से ज्यादा आने की शिकायत आम है। सोशल मीडिया में इसको लेकर ज्यादा बवाल मचा हुआ है। इस मामले में कांग्रेस ने भी मोर्चा खोला है और सीधे एमडी तक इसको लेकर शिकायत की गई है।

# ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगना शुरू, ट्रैफिक पुलिस का नाम लिम्का बुक रिकार्ड में शामिल

## संबंधित थाना क्षेत्रों में ऑटो, ई-रिक्शा चालक को क्यूआर कोड लगाने तलब किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑटो, ई-रिक्शा चालकों की संपूर्ण जानकारी सवारियों को मिल सके, इसके लिए शनिवार को शहर के अंदर दौड़ रहे ई-रिक्शा तथा ऑटो में क्यूआर कोड लगाने का उद्घाटन पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने किया। पहले दिन ट्रैफिक पुलिस ने 50 ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाया है। शहर के अंदर चल रहे 15 हजार 47 ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाने 10 दिन की समय सीमा निर्धारित की है।

इसके बाद बगैर क्यूआर कोड चल रहे ई-रिक्शा तथा ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर के ट्रैफिक सिस्टम को व्यवस्थित करने 20 मई 2026 को ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाने पंजीयन करना शुरू किया गया। रिकार्ड समय में ऑटो, ई-रिक्शा का पंजीयन करने पर ट्रैफिक पुलिस का नाम लिम्का बुक रिकार्ड में दर्ज किया गया। ऑटो, ई-रिक्शा की पहचान के लिए ट्रैफिक पुलिस का यह प्रयास देश में पहला है। इसके पूर्व इस तरह का प्रयास किसी अन्य राज्य में नहीं किया गया है।

क्यूआर कोड लगने के बाद सवारी संबंधित वाहन चालक के मालिक, ड्राइवर के अलावा वाहन संबंधित पूरी जानकारी अपने मोबाइल से स्कैन कर हासिल कर सकता है।

**पहले दिन 50 ई-रिक्शा में लगा क्यूआर कोड**



### व्यवस्था सुधारने ऑड-ईवन लागू करने की जरूरत

शहर के अंदर व्यवस्थित रूप से ऑटो, ई-रिक्शा का संचालन हो, इसके लिए जानकार ऑटो, ई-रिक्शा के लिए ऑड ईवन व्यवस्था लागू करने की बात कह रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत अलग-अलग दिनों में गाड़ी नंबर के आखिरी नंबर सम विषम के आधार पर शहर के प्रमुख स्थान पर आवाजाही करने अनुमति देने की बात कह रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र निर्धारित कर ऑटो, ई-रिक्शा चलाने व्यवस्था बनाने की बात जानकर कह रहे हैं।

### ऐसे लगाए जाएंगे क्यूआर कोड

क्यूआर कोड ऑटो, ई-रिक्शा मालिक, चालक को सीधे देने के बजाय उन्हें अपने ऑटो, ई-रिक्शा लेकर संबंधित थानों में बुलाया जाएगा। वहां ट्रैफिक सिपाही गाड़ी नंबर का मिलान करने के बाद संबंधित गाड़ी में क्यूआर कोड चस्पा करेंगे। क्यूआर कोड सीधे किसी को देने पर गलत गाड़ी में लगाए जाने या गड़बड़ी होने की आशंका है।

## खबर संक्षेप



### रामसागरपारा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय माध्यमिक शाला रामसागरपारा संकुल पटेवा में शनिवार को नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच आशा बाई ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति से दिनेश यादव, उमाशंकर, पितर ध्रुव, गोपाल यादव, तानसिंह, अमारू, द्रोपती यादव, पंचायत पंच कामिन ठाकुर आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का स्कूल ड्रेस एवं खीर पूरी खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक ऋषि पटेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, शिक्षक मुरलीधर निषाद, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, विद्यार्थियों एवं महिला समूह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन शिक्षक रविकांत गोस्वामी ने किया।

### नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**कांकेर।** सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर परिसर में नवनिर्मित मंदिर में शनिवार को भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न कोर्स के प्रशिक्षु जवान तथा आसपास के गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने भगवान हनुमान से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ोकुर्से थानांतर्गत सुरूंगदोह के खेत कि ओर हल्बा निवासी 22 वर्षीय लव कुमार बेलसरिया पिता स्व. अखिल प्रसाद बेलसरिया का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। शीतलापारा सुरूंगदोह निवासी बिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 25 जून को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# मचेवा में विधायक ने जन-चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम मचेवा में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी मांग एवं समस्याएं उनके समक्ष रखीं, जिस पर विधायक सिन्हा ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया है।

सबसे पहले विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम के महादेव मंदिर, देवी मंदिर में पूजा-अर्चना किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। फिर उन्होंने ग्रामीणों के साथ भेंट मुलाकात की। जन चौपाल में गांव के बुजुर्ग, महिला, युवा सहित सभी वर्गों के नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं एवं मांगें विधायक के समक्ष रखीं, जिन्हें उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। केंद्र एवं राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। वह प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे यह देखना हमारी जिम्मेदारी है। इससे लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा और उनकी समस्याओं का निराकरण होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की गति बराबर हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें उनके उपज का उचित मूल्य मिले यह भी हमारी सरकार सुनिश्चित कर रही है। इसके पश्चात उन्होंने नवविवाहित बहनों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया तथा नवजात शिशुओं को शिशु किट का वितरण किया।



इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू, मंडल महामंत्री साजन यादव, चुनेश्वरी साहू, मचेवा सरपंच प्रमिला ध्रुव, भाजपा नेता प्रेम साहू, शुभम बाघ सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# नीलमणि रात्रे होंगे सरपंच, अविश्वास प्रस्ताव गिरा, समर्थकों व ग्रामीणों में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत किसड़ी में सरपंच नीलमणि रात्रे (मुन्ना) के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव असफल हो गया। सरायपाली तहसीलदार पंडा ने बताया कि आवश्यक समर्थन नहीं मिलने के कारण प्रस्ताव पारित नहीं हो सका, जिसके बाद नीलमणि रात्रे सरपंच पद पर बने रहेंगे।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत के कुछ पंचों द्वारा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान कराया गया, लेकिन प्रस्ताव को आवश्यक मत नहीं मिल सके। परिणामस्वरूप अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। अविश्वास प्रस्ताव असफल होने के बाद सरपंच समर्थकों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। समर्थकों का कहना है कि ग्रामीणों ने विकास कार्यों में विश्वास जताते हुए सरपंच के प्रति अपना समर्थन बनाए रखा है। वहीं, सरपंच समर्थकों का आरोप है कि कुछ लोग पंचायत की कार्यप्रणाली में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं तथा राजनीतिक कारणों से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। हालांकि, इस संबंध में दूसरे पक्ष का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आपसी सहयोग और समन्वय के साथ कार्य किए जाने की आवश्यकता है। ताकि, गांव का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। अविश्वास प्रस्ताव असफल होने के बाद पंचायत में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं तथा क्षेत्र में इस घटनाक्रम को लेकर विभिन्न चर्चाएं जारी हैं।

# गढ़पटनी में 5 स्थायी समितियों का हुआ सर्वसम्मति से गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम पंचायत गढ़पटनी में पंचायत प्रशासन को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से पंचायत की पांच स्थायी समितियों का गठन सर्वसम्मति से किया गया। आयोजित बैठक में सरपंच, सचिव एवं समस्त पंचगण की उपस्थिति में विभिन्न समितियों के सभापति, सदस्यों एवं सचिवों का चयन किया गया।

गठित समितियों में सामान्य प्रशासन समिति के सभापति के रूप में लक्ष्मी प्रसाद पटेल को चुना गया। समिति में तिलोत्तमा सोनी, निर्मला चौहान एवं माधुरी पटेल को सदस्य बनाया गया। ग्राम एवं जल स्वच्छता समिति के सभापति भी लक्ष्मी प्रसाद पटेल बनाए गए, जबकि सविता भोई, मनीषा पटेल एवं निर्मला चौहान को सदस्य का दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति के सभापति के रूप में रोशन पटेल का चयन किया गया। समिति में मनोहर पटेल, जितेन्द्र निषाद एवं माधुरी पटेल को सदस्य बनाया गया। कृषि एवं राजस्व तथा वन समिति के सभापति प्रवीण कैवर्त चुने गए तथा मनीषा पटेल, माधुरी पटेल एवं अमरिका पटेल को सदस्य नियुक्त किया गया। वहीं निर्माण तथा विकास समिति के सभापति लक्ष्मी प्रसाद पटेल बनाए गए और सविता भोई, तिलोत्तमा सोनी एवं रोशन पटेल को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी प्रदान की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सामान्य, निर्माण,और ग्राम जल समितियों के सचिव के रूप में जयनारायण भोई अपनी सेवाएं देंगे और कृषि एवं राजस्व के सचिव पटवारी, जबकि शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति के सचिव का दायित्व सरविन्द सिदार को सौंपा गया। सभी चयनित पदाधिकारियों का निर्वाचन सरपंच, सचिव एवं समस्त पंचों की सर्वसम्मति से हुआ।

इस अवसर पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति के सचिव सरविन्द सिदार ने सभी नवनिर्वाचित सभापतियों, सदस्यों एवं सचिवों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के लिए सभी को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी समितियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए ग्राम पंचायत गढ़पटनी के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायत के विकास एवं ग्रामवासियों की उन्नति के संकल्प के साथ किया गया। नई समितियों के गठन से ग्रामवासियों में उत्साह का वातावरण देखा गया तथा पंचायत कार्यों में गति आने की उम्मीद व्यक्त की गई।

# मचेवा में विधायक ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



**महासमुंद।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 135वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम मचेवा में भाजपा नेताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस बार प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, वर्षा जल संचयन, प्रकृति संरक्षण और रूट ब्रिज जैसे नवाचारों का उल्लेख करते हुए स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण में जनसहभागिता का प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू, मंडल महामंत्री साजन यादव, चुनेश्वरी साहू, मचेवा सरपंच प्रमिला ध्रुव, भाजपा नेता प्रेम साहू, शुभम बाघ सहित बूथ अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य और ग्रामीणजन उपस्थित थें।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत समुद्र से लेकर आसमान तक सुरक्षित है। इसी महीने डीआरडीओ ने स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मेड इन इंडिया अभियान के तहत तैयार किए गए सी-295 विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी कर ली है। वर्तमान में ऐसे 40 विमान भारत में ही बनाए जा रहे हैं। आगे कहा कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के कई कार्यक्रम हुए। अहमदाबाद में आयोजित 'विश्व योगासन चैम्पियनशिप' की भी बड़ी चर्चा हुई। इस चैम्पियनशिप में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 114 पदक जीते हैं, जिनमें 102 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। भारत पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा है। उन्होंने असम के 'हरगिला' पक्षी के बारे में कहा कि ये प्रकृति को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने मेघालय के रूट ब्रिज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये ब्रिज कुछ दिनों या कुछ सालों में नहीं बनते। इन्हें तैयार होने में कई दशक लगते हैं। नागालैंड में होने वाले दो लीग नागालैंड बेबी लीग और नागालैंड विमेन फुटसल लीग अर्थात फुटबॉल लीग के बारे में भी चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने महाराष्ट्र की शादी में दुर्घटना बीमा, नालंदा विश्वविद्यालय, सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, प्लास्टिक कचरे का मैनेजमेंट सहित आमजन से अपील करते हुए कहा कि केवल मिट्टी से बनी ही गणेश प्रतिमा खरीदें, जो हमारे अपने कुम्हारों और स्थानीय कलाकारों के हाथों तैयार हुई हो। पीओपी से बनी मूर्तियां नहीं खरीदें।

# निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों का कर रही त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संचालित निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों पर नगर पालिका द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। वर्षा ऋतु को देखते हुए नाली सफाई, जल निकासी एवं स्वच्छता संबंधी शिकायतों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।



इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया है कि निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। विशेष रूप से नाली सफाई, जलभराव एवं गंदगी से संबंधित शिकायतों पर संबंधित कर्मचारियों एवं वार्ड प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बारिश के मौसम में नागरिक भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निदान 1100 ऐप का अधिक उपयोग कर रहे हैं। मोबाइल ऐप एवं हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे नगर की स्वच्छता एवं जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं की जानकारी निदान 1100 के माध्यम से दर्ज कराएं, ताकि समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जा सके। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करते हुए समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करें।



# संकुल केंद्र सुखीपाली में उत्साहपूर्वक मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र सुखीपाली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत करना तथा शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य राधा टिकेलाल पटेल, ग्राम पंचायत सुखीपाली सरपंच सुरोति विष्णु बुडेक, उपसरपंच भोगीलाल पटेल, बीआरसीसी नरेश पटेल, प्रदीप कर, प्रभारी प्राचार्य अंशुमन टांडी तथा संकुल समन्वयक अशोक कुमार पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं शुभकामनाओं के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक कमलेश कुमार कुरूवंशी, झनेश साहू, हरिश्चंद्र विशाल, हेमंत प्रधान, प्रेमसागर साहू, अर्जुन सिंह बरिहा, खेमराज लोधी, मुकुंद साहू, उदेराम पटेल, गोपीनाथ पटेल, हरेश पटेल सहित संकुल के अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# नपं पिथौरा के एल्डरमैन बने सतप्रीत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

**पिथौरा(ग्रामीण)।** नगर पंचायत पिथौरा में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि सतप्रीत (विक्की) सलूजा को एल्डरमैन मनोनीत किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है।

सलूजा लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वे पूर्व में विधायक प्रतिनिधि भी रहें और इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान तथा विकास कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी उनकी सहभागिता लगातार रहती है।



एल्डरमैन मनोनीत होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और जनसेवा की भावना का लाभ नगर पंचायत पिथौरा को मिलेगा। मनोनयन पर सलूजा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता देना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उनके मनोनयन पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों ने हर्ष जताया है।

# मोहगांव विद्यालय में बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के कक्षा पांचवीं के छात्र तेजस पटेल के जन्मदिवस पर शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शाला, हाईस्कूल मोहगांव के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा तेजस पटेल का जन्म दिवस मनाया गया। तेजस के पिता राजन सिंह पटेल और माता बेदमाला पटेल द्वारा भोजन के साथ फल, मिठाई, नमकीन की व्यवस्था की गई थी। विद्यालय के समस्त बच्चे, समस्त स्टॉफ व उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मिलकर सहभोज का आनंद लिया। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक भोजराज प्रधान ने कहा कि हमारे विद्यालय में इस प्रकार का आयोजन सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देगा। हाईस्कूल प्राचार्य जगदीश कुमार ने कहा कि न्योता भोज का आयोजन बहुत ही शानदार रहा है। यह आयोजन भविष्य में हमारे विद्यालय के पालकों को प्रेरित करेगी कि वे अपनी खुशियों को विद्यालय में बच्चों के साथ न्योता भोजन आयोजित कर मनाएंगे। मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रविलाल प्रधान, संकुल समन्वयक अंजय कश्यप, शिक्षक गौरीशंकर पंडा, विजय कुमार नाग, अहीर कुमार बरिहा, बैसाखूराम भोई, कविता बढ़ाई, नीलिमा साहू और समस्त रसोइयों का सराहनीय योगदान रहा।



**खबर संक्षेप**



### 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के आंगनवाड़ी केंद्र खरोरा में 28 जून 2026 से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू किया गया। जिसके तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। इस दौरान सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, हीराबाई चंद्राकर, संतोषी पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम चंद्राकर एवं गुलापा चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### खुटेरी में सीसी रोड के लिए भूमिपूजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी में वार्ड क्रमांक 2 में आदिवासी विकास प्राधिकरण के तहत लागत राशि 10 लाख रुपए सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन ग्राम के सरपंच सुशीला मांझी ने किया। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच गेस राम पटेल, भूतपूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, पांच कुंज राम पटेल, रमेश बारिया, वार्ड पंच भोज कुमारी पटेल, पांच मंजू ठाकुर और नागरिकगण उपस्थित थे।

**निधन**

### सुश्री हंसा मेहता



**महासमुंद।** शहर के महावीर कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त व्याख्याता सुश्री हंसा मेहता पिता पानाचंद जी मेहता का अस्वस्थता के चलते शनिवार रात निधन हो गया। पूर्व में उन्होंने शासकीय डीएमएस स्कूल में सेवाएं दी और शहर के हाईस्कूल से सेवानिवृत्त हुईं। तकरीबन 19 देशों की यात्रा कर चुकी सुश्री मेहता ने सेवानिवृत्ति के बाद लगातार सामाजिक सेवा में संलग्न रहीं। इनकी अंतिम यात्रा रविवार को महावीर कालोनी स्थित निवास से निकली। वे रवि व पीयूष की बहन की बुआ थीं।

**सेहत : महिला जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ**

# बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 28 जून को स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं सहभागिता में किया गया। इस अवसर पर महिला जनप्रतिनिधियों ने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान महिला जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाएं और पोलियो उन्मूलन के इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि "दो बूंद जिंदगी की" हर बच्चे के स्वस्थ भविष्य की गारंटी है। इस अवसर छग राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल व स्वास्थ्य सभापति उषा पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई।




अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद, विकासखंड कार्य प्रबंधक शीतल सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी दी कि अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, ताकि पोलियो को जड़ से समाप्त किया जा सके। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भागीदारी निभाएं।

### बूथ स्तर पर बच्चों को पिलाई गई दवा



**नर्रा।** भारत वर्ष में 28 जून 2026 को पोलियो दिवस के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, खंड कार्यक्रम प्रबंधक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक बागबाहरा में भी पल्स पोलियो दिवस मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के प्रभारी डिगेंद्र परमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 28, 29 एवं 30 जून कुल तीन दिनों तक चलाई जाएगी। प्रथम दिवस 28 जून को बूथ स्तर पर बच्चों को दवाई पिलाई गई है। 29 एवं 30 जून द्वितीय एवं तृतीय दिवस छूटे हुए बच्चों को दल कर्मी द्वारा घर घर भ्रमण कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि एक भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित ना रह जाए।

# गोपालपुर में हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर विकासखंड पिथौरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति संजूकला सुशील भोई एवं अध्यक्षता ग्राम गोपालपुर के सरपंच चक्रधर दीप ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम प्रमुख कार्तिक राम सिदार, महिला समिति के अध्यक्ष अंजली अग्रवाल, शाला प्रबंधन समिति के रेखा सोनी, रेवती निषाद, पूर्व सरपंच सुशील भोई, संस्था के प्राचार्य एलआर सिन्हा, बीआरसी नरेश पटेल, आरएन प्रधान, टीएस ध्रुव, पीएल प्रधान, वसुदेव प्रधान, प्रदीप कर, दामोदर यादव मंचासीन रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा माता सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, मां भारती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं विद्यालय के शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गान तथा प्राथमिक विभाग के छात्राओं द्वारा भावपूर्ण नृत्य किया गया। संकुल क्षेत्र गोपालपुर के सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के नव प्रवेश बच्चों को चंदन



लगाकर मिठाई खिला कर अतिथियों ने स्वागत किया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक के छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं कापी पेन देकर सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 9वी में प्रवेश लेने वाले छात्रों को पाठ्य पुस्तक तथा बालिका प्रोत्साहन के महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण अंतर्गत सायकल वितरण किया गया।

इस अवसर पर स्वागत भाषण राजाराम पटेल द्वारा एवं शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं एवं संस्था के इस वर्ष के कार्य योजना पर वरिष्ठ व्याख्याता सुधीर प्रधान ने विस्तार से बताया। संस्था के प्राचार्य एलआर सिन्हा द्वारा अतिथियों से हमेशा संस्था हित में सहयोग एवं छात्र-छात्राओं से अच्छे से पढ़ाई करने अपील किया। बीआरसी नरेश पटेल द्वारा संकुल केंद्र गोपालपुर के शिक्षक शिक्षिकाओं का प्रशंसा की गई। छात्र हित एवं संस्था के हित में कार्य करने प्रेरित किया गया। सरपंच चक्रधर दीप एवं ग्राम प्रमुख कार्तिक राम सिदार ने हर संभव विद्यालय के विकास में सहयोग करने कहा तथा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत में उद्बोधन दिया। अंत में आमंत्रित अतिथियों का आभार आरएन प्रधान वरिष्ठ व्याख्याता द्वारा किया गया। मंच संचालन निराकार पटेल व्याख्याता ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चूड़ामणि पटेल, अरविंद नायक, बसंत यादव, गंगादास साहू, नंदकुमार साहू, नरेश प्रधान, सुरेंद्र दीक्षित, खेमराज पटेल, भागवत डड़सेना, मंजू जोशी, हेमकुमारी पटेल, सिद्धेश्वरी तिवारी, ममता प्रधान, रेवती साहू, कल्पना चंद्राकर, सरिता भोई, श्वेता ठाकुर, अंजली पटेल, अनीता यादव, राजू नंद उपस्थित थे। कार्यक्रम छात्रों से भास्कर यादव, मधुसूदन यादव, गीतांजलि पटेल, यामिनी, दीपांजलि का विशेष योगदान रहा।

### भर्ती परीक्षा के लिए नवकिरण अकादमी में हुआ तीसरा मेगा टेस्ट

**महासमुंद।** स्थानीय नवकिरण अकादमी में सूबेदार, उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा-2026 की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए आयोजित 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-03) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी बसंत साव ने बताया कि मेगा टेस्ट-03 भर्ती परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित था। परीक्षा में कुल 300 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिनमें भारत का इतिहास, भूगोल, भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन, कला, साहित्य एवं संस्कृति, समसामयिक घटनाएँ, पर्यावरण, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर, रीजनिंग, गणित, हिंदी तथा अंग्रेजी जैसे सभी प्रमुख विषय शामिल थे। मेगा टेस्ट में नवकिरण अकादमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ-साथ बाहरी पंजीकृत अभ्यर्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने परीक्षा के माध्यम से अपनी तैयारी का मूल्यांकन किया तथा आगामी भर्ती परीक्षा के अनुरूप अभ्यास का लाभ प्राप्त किया। टेस्ट सीरीज को लेकर अभ्यर्थियों में विशेष उत्साह एवं सकारात्मक प्रतिसाद देखने को मिला। साव ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के अंतर्गत चौथा एवं अंतिम मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-04) आगामी 05 जुलाई 2026 (रविवार) को आयोजित किया जाएगा, जो पुनः भर्ती परीक्षा के संपूर्ण सिलेबस पर आधारित होगा।

### बच्चों को दी गई पल्स पोलियो की खुराक



**नर्रा।** ग्राम पंचायत खट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र सेनभांठा में 0 से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलिया की दवा पिलाई गई। इस दौरान गांव के पदुमलाल पटेल, गंजानंद साहू, मितानिन सोनिया पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पिलाई गई दवा



**नर्रा।** 0 से 5 वर्ष तक के नौनिहालों को पोलियो की खुराक 28 जून दिन रविवार को पिलाई गई। देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के संकल्प के साथ क्षेत्र में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन पूरी सजगता के साथ किया गया। अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में माता-पिता ने सजगता दिखाते हुए समय पर बच्चों को केंद्र लाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाई। ग्राम पंचायत परकोम के आंगनबाड़ी केंद्र में पल्स पोलियों अभियान के तहत 0 से लेकर 5 वर्ष के नौनिहाल बच्चों को जानकी चतुर्वेदी ने दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाई गई। इस दौरान मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जामबाई दीवान एवं शिशुवती माताएं उपस्थित रहे।



### कलमीदादर में मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

शासकीय प्राथमिक शाला कलमीदादर में बीते दिन शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति उपाध्यक्ष डाकेश्वरी साहू, ग्राम सरपंच कैलाश साहू, अनंत यादव(सचिव), मनोरथ साहू, मितानिन दिनेश्वरी साहू, सावित्री यादव, शिवकुमारी सहित पालक व शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र पांडे के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, समाजहित एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न प्रेरणादायी विषयों को गंभीरता से सुना।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम केवल एक रेडियो प्रसारण नहीं, बल्कि देशवासियों से संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों, नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत, 'वोकल फॉर लोकल' तथा युवाओं की प्रेरणादायक उपलब्धियों को देश के सामने लाते हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री का यह संवाद समाज के प्रत्येक वर्ग को देश के विकास, सेवा और जनकल्याण के कार्यों से जुड़ने का संदेश देता है।



कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष क्षमा गोयल, आलोक त्रिपाठी, सहकारी समिति अध्यक्ष विजयराज पटेल, किसान मोर्चा प्रदेश सह-संयोजक अजय डड़सेना, विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल, रविंदर आजमानी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष निशु माटा, संजय गोयल, युवा मोर्चा जिला खेल प्रमुख सौरभ अग्रवाल, कुलजीत आजमानी, राजेश गोयल, विजय गुप्ता, सतीश ध्रुव सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'मन की बात' का 135वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 135वां एपिसोड रविवार को स्थानीय भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक वेद प्रकाश गोयल के निवास पर सामूहिक रूप से सुना गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की विभिन्न उपलब्धियों, आत्मनिर्भर भारत, योग तथा जनभागीदारी जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने स्वदेशी तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में स्वदेशी तकनीक पर आधारित अनेक प्रकार के विमान उड़ान भर रहे हैं और भारत समुद्र से आकाश तक आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व के 128 देशों में योग दिवस मनाया गया, जिसमें करोड़ों लोगों ने भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम सुनने के दौरान भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीतराम सूर्ये, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक वेद प्रकाश गोयल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित, एल्डरमैन विक्की सलूजा, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलदीप अग्रवाल, पूर्व एल्डरमैन शशि डड़सेना, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गेश सिन्हा, पार्षद संतोष डड़सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता रैदास गोयल, बुधराम डड़सेना एवं सालिकराम डड़सेना सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम : ऊषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सीताराम सिन्हा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, मंडल अध्यक्ष हलधर साहू, विधायक प्रतिनिधि कैलाशचंद्र अग्रवाल, सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, सीताराम सिन्हा, नरेंद्र बोरे, सरपंच फगिनी साहू, उपसरपंच मनोज अग्रवाल, सत्यप्रकाश साव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं पाठ्य सामग्री वितरित कर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षित पीढ़ी ही विकसित समाज की आधारशिला होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव बच्चों के जीवन में शिक्षा की नई शुरुआत का उत्सव है। शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का लाभ प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाना आवश्यक है। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।



जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सीताराम सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शासन निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और बेहतर भविष्य के निर्माण की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई एवं विद्यालयीन गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर अतिथियों ने शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देते हुए शिक्षकों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का संदेश दिया।

### भाजपाइयों ने सुनी मोदी के "मन की बात"

**तेंदूकोना।** रविवार को खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा ग्रामीण मंडल के ग्राम तेंदूकोना बूथ क्रमांक 136 में मोदी के मन की बात का 135वां एपिसोड देखा गया। मोदी ने अपने ₹मन की बात₹ में प्रमुखता से योग के क्षेत्र में भारत देश को नंबर एक पर बताया व 114 मेडल प्राप्त बताया। युद्ध के हालत में देशवासियों से अपील की पूरा साथ दे, देश को संदेश देते हुए- जनभागीदारी को बड़ी पूंजी बताया। समुद्र से लेकर आसमान तक रक्षा के क्षेत्र में मेड इन इंडिया बताया व अंतिम में गणेश उत्सव में गणेश मूर्ति को देश की मिट्टी से बनी मूर्ति स्थापित करने की अपील की। वीडियो का सहयोग लेकर सरल पोर्टल में जाकर डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रक्रिया को पूर्ण कर सर्टिफिकेट प्राप्त करने का कामकर अन्य लोगों को भी डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म में जोड़ने को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जानवी साहू, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष रुपेश साहू, वरिष्ठ सुरेश अग्रवाल, चिंताराम साहू, मयाराम साहू, दिनेश अग्रवाल, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष लालसिंह नायक, उपाध्यक्ष टीकम ध्रुवंशी, अजजा अध्यक्ष अजय ध्रुव, उपसरपंच उज्ज्वल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, चंद्रहास साहू, रामप्रसाद ध्रुव, मंडल मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू सहित बूथ के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

